प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मैत्रीपूर्ण वालीबॉल मैच में प्रशासनिक भवन की टीम विजयी

पंतनगर। 31 अगस्त 2024। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में एक मैत्रीपूर्ण वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक भवन की टीम ने कृषि महाविद्यालय की टीम को 21–18 व 21–19 से हरा दिया। स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सचिव योगेश पंत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मैत्रीपूर्ण वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों सहित अन्य विवि कर्मियों ने प्रतिभाग किया और कार्यक्रम को सफल बनाया। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी डा. ओमप्रकाश व सह निदेशक डा. जीएस बोहरा सहित अन्य कार्मिकों ने इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर क्लब के मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी, डा. मंजु जोशी, संयुक्त सचिव अजित सिंह यादव, वालीबॉल संयोजक वज़ीर अहमद, संयोजक फुटबाल अनिल जोशी, संयोजक क्रिकेट शशांक शर्मा मौजूद रहे। मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी ने बताया कि क्लब 2024–25 की विभिन्न प्रतियोगिताओं को समय से शुरू किया जायेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया।

निदेशक संचार